

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | गुरुवार , 19 मार्च 2026 | वर्ष: 03, अंक: 367 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन 40% बढ़ा: केंद्र सरकार

## व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री में जो कटौती की गई थी, उसे अब आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया

**नई दिल्ली/एजेंसी**

**पश्चिम** एशिया में जारी हालिया तनाव और भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक अंतरमंत्रालयी प्रेसवार्ता में साफ किया देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40% की भारी वृद्धि की गई है। मंत्रालय ने अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए आश्वस्त किया है कि किसी भी खुदरा आउटलेट या डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर गैस की कोई कमी नहीं है और घरेलू पीएनजी और परिवहन सीएनजी उपभोक्ताओं को 100% आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि होर्मुज में फिलहाल 22 जहाज और 600 से अधिक नाविक विभिन्न जहाजों पर फंसे हैं। वे सभी फिलहाल सुरक्षित हैं।

**घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता और पीएनजी की ओर झुकाव**

वर्तमान परिस्थितियों में घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शुरूआत में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री में जो कटौती की गई थी, उसे अब आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है। ऊर्जा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए, प्रमुख शहरों और शहरी क्षेत्रों में व्यावसायिक एलपीजी उपभोक्ताओं से पीएनजी में स्विच करने का आग्रह किया गया है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए कई प्रोत्साहन भी पेश किए हैं और उपभोक्ता ईमेल, पोर्टल या कॉल सेंटर के जरिए आवेदन कर सकते हैं।





### राज्यों को नीतिगत निर्देश और अतिरिक्त आवंटन

पीएनजी के बुनियादी ढांचे को तेजी से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 16 मार्च 2026 को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कई सख्त निर्देश दिए हैं:

लंबित सीजीडी पाइपलाइन आवेदनों के लिए 'डीम्ड अनुमति' जारी करना और नई स्वीकृतियां 24 घंटे के भीतर देना। राज्य या स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगाए गए सड़क बहाली और अनुमति शुल्क को माफ करना।

काम के घंटों और मौसम संबंधी प्रतिबंधों में ढील देना तथा समन्वय के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करना। एलपीजी से पीएनजी में दीर्घकालिक परिवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए 18 मार्च 2026 को राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी का 10% अतिरिक्त आवंटन देने की पेशकश की गई है। पर 2%, 'डिग एंड रिस्टोर स्कीम' शुरू करने पर 3% और वार्षिक लीज शुल्क कम करने पर 4% अतिरिक्त आवंटन दिया जाएगा।

### वैकल्पिक ईंधन और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन

एलपीजी की बढ़ती मांग के दबाव को कम करने के लिए कोयला और केरोसिन जैसे वैकल्पिक ईंधन विकल्पों को सक्रिय कर दिया गया है। बिहार, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों ने केरोसिन आवंटित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा, गैर-घरेलू एलपीजी की आंशिक आपूर्ति सभी राज्यों में उपलब्ध कराई जा रही है; जिसके लिए दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान सहित 14 से अधिक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने आवंटन आदेश जारी किए हैं। कालाबाजारी को रोकने के लिए 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिसका उपयोग 15 मार्च 2026 के 72% से बढ़कर 17 मार्च तक 81% हो गया है।

## होर्मुज स्ट्रेट में फंसे सभी 22 भारतीय जहाज सुरक्षित

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सरकार ने कहा है कि हॉर्मुज स्ट्रेट में फंसे सभी 22 भारतीय जहाज सुरक्षित हैं। इससे पहले भारत ने मंगलवार को उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय ध्वज वाले या भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने के बदले, अपने द्वारा जब्त किए गए तीन टैंकरों की अदला-बदली की मांग की है। रॉयटर्स ने इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों का हवाला देते हुए सोमवार को बताया था कि भारत ने पहले उन टैंकरों को यह आरोप लगाते हुए जब्त कर लिया था कि उन्होंने अपनी पहचान छिपाई थी या उसमें बदलाव किया था और वे समुद्र में जहाजों के बीच होने वाले अवैध हस्तांतरण में शामिल थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा, "इस तरह की कोई चर्चा नहीं हुई है।" उन्होंने मंत्रालयों के बीच हुई एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, "ये तीनों जहाज वैसे भी ईरान के मालिकाना हक वाले नहीं हैं और न ही ये कोई ईरानी जहाज हैं।"



### 'होर्मुज में फंसे कई जहाज'

**प्रेस** कॉन्फ्रेंस में बाद में जायसवाल ने कहा, "हमारे कई जहाज अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। हम ईरान और अन्य देशों के साथ बातचीत करने की योजना बना रहे हैं, ताकि उन जहाजों को सुरक्षित रूप से वापस घर लाया जा सके।" रिपोर्ट में 15 फरवरी को इंडियन कोस्ट गार्ड द्वारा दर्ज कराई गई एक पुलिस शिकायत का हवाला दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि 'एस्फाल्ट स्टार' भारी ईंधन तेल की तस्करी में शामिल था। इस तेल को 'अल जाफजिया' और बिटुमेन को 'स्टेलर रूबी' में ट्रांसफर किया गया था।लोकसभा से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन वापस लिए जाने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस फैसले का स्वागत किया है। संसद परिसर के बाहर पत्रकारों से बातचीत में थरूर ने कहा कि यह बहुत अच्छा कदम है। उन्होंने कहा कि हर दिन संसद की सीढ़ियों पर बैठे अपने साथियों को निलंबित देखना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं था और अब इस स्थिति का खत्म होना राहत की बात है।

थरूर ने कहा कि सांसदों को सदन

# कृषि विकास में यूपी बना देश में सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्यः सीएम योगी

लखनऊ/एजेंसी

नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में किसानों को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पहला निर्णय ही किसानों के लिए लिया था। ऋण माफी से किसान सम्मान निधि तक की यात्रा में यूपी की कृषि विकास दर 8.5 प्रतिशत से बढ़कर 18 फीसदी हो गई है। देश में यूपी कृषि विकास में सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य है। अब यहां किसान आत्महत्या नहीं करता है।

सरकार ने 3.16 लाख करोड़ से अधिक किया गन्ना भुगतान

गन्ना किसानों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने यूपी में आए परिवर्तन से भी सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 2012 से 2017 के मध्य कुल 95,000 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य का भुगतान हुआ था। जबकि, हमने 2017 से अब तक 9 वर्ष में 3,16,800 करोड़ का भुगतान किया। 2017 में किसानों को 300 रुपये प्रति कुंतल गन्ने का दाम मिलता था, आज 400 रुपये मिल रहा है। घटलौती बंद और पर्ची की समस्या का समाधान भी हो गया।








## सेवानिवृत्ति अंत नहीं, नई जिम्मेदारियों की शुरूआत: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली/एजेंसी**

राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आगामी अप्रैल से जुलाई के बीच अपना कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति को अंत नहीं, बल्कि नई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की शुरूआत के रूप में देखना चाहिए। सभापति ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान के प्रावधानों के अनुसार हर दो वर्ष में सदन के एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं, जिससे सदन की कार्यप्रणाली में निरंतरता बनी रहती है और नए सदस्यों को अपने विचार रखने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जो अनुभव और नई ऊर्जा के संतुलन को बनाए रखती है। सेवानिवृत्ति अंत नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों की शुरूआत है। यह परंपरा नए सदस्यों को अवसर देने के साथ-साथ अनुभवी सदस्यों के मार्गदर्शन को भी बनाए रखती है। सेवानिवृत्त सदस्य अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से आगे भी सार्वजनिक जीवन में योगदान देते रहेंगे। विदाई भाषण में सभापति ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों और ग्रामीण भारत से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाया। उनके अनुभव और किसानों एवं ग्रामीण समुदायों के प्रति प्रतिबद्धता ने सदन की चचाओं को समृद्ध किया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की भूमिका को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि खरगे ने संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया। इसके साथ ही उपसभापति हरिवंश के कार्यकाल की सराहना करते हुए सभापति ने कहा कि उन्होंने सदन का संचालन गरिमा, निष्पक्षता और धैर्य के साथ किया और सभी दलों का सम्मान अर्जित किया।

# प्रदेश सरकार के "नव निर्माण के नौ वर्ष" पूर्ण होने के पर लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित- धर्मराज मौर्य

## लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा एवं निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता ने प्रदेश सरकार के ह्लनव निर्माण के नौ वर्षह्व पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं स्टॉलों का अवलोकन किया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया व बच्चां का अन्नप्राशन भी कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, निवर्तमान विधायक एवं सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने प्रदेश सरकार के ह्लनव निर्माण के नौ वर्षह्व पूर्ण होने के अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित वृहद ऋण मेला कार्यक्रम में सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियां-प्रभाकर सिंह, विनीत कुमार, सूरज कुमार, अनिल सिंह, राजकुमार, मो0 रफीक, अंकित कुमार यादव, रामसिंह, साहिल कुमार एवं



सुभाष चन्द्र आदि को डमी चेक/स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया।

निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की सुशासन के नौ वर्ष पूर्ण हुए हैं।

प्रदेश सरकार ने इन नौ वर्षों में विकास के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सरकार समाज के सभी वर्गां के कल्याण के लिए कार्य कर रहीं है। उन्होंने युवा उद्यमियों से कहा कि सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रहीं है। इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें। सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है।

सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष-2047 तक देश को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प में देश की आधी आबादी भी अपना भरपूर योगदान कर रहीं है। सरकार द्वारा समाज के हर वर्गों के कल्याण एवं हर क्षेत्रों में विकास के अनेक कार्य किए गए हैं। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि सरकार द्वारा संचालित ऋण योजनाओं से समाज के अंतिम पायदान तक के व्यक्ति को लाभान्वित किया जाय। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय।

प्रदेश सरकार के "नव निर्माण के नौ वर्ष" पूर्ण होने के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का उदयन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित लागों ने मुख्यमंत्री जी एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक जी के उद्बोधन को सुना।

## एसपी ने मुख्य डाक घर का सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत निरीक्षण किया





**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा क्षेत्राधिकारी थरियांव व पुलिस बल के साथ जनपद के मुख्य डाक घर का सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया । निरीक्षक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

## पुलिस द्वारा दुष्कर्म व लूट में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** एक मार्च को वादी नि0- ग्राम खूंटाझाल थाना जाफरगंज द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना जाफरगंज पर दुष्कर्म अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान संकलित साक्ष्य व पीड़िता के बयान के आधार पर अभियोग में धारा 303(2) का लोप करते हुए धारा 309(2)/64 बीएनएस की वृद्धि करते हुए पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपरोक्त अभियोग में नामित अभियुक्त नरेन्द्र सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम खूंटाझाल थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर उम्र 41 वर्ष को बुधवार को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## डीएम एसपी ने कड़ा धाम व कुबरी घाट का किया निरीक्षण





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**कौशांबी।** आगामी नवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के साथ जिलाधिकारी कौशाम्बी डॉ अमित पाल द्वारा थाना कड़ाधाम अन्तर्गत शीतला माता मंदिर एवं कुबरी घाट का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, साफ-सफाई एवं भीड़-प्रबंधन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

इसके अतिरिक्त, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए गए। मंदिर समिति के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित कर आवश्यक सहयोग हेतु भी कहा गया।

कौशाम्बी पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें। इस मौके पर थानाध्यक्ष कड़ा धाम त्रिलोकी नाथ पांडेय मौजूद रहें।

## डीएम ने की निमार्णाधीन रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग एवं सोशल सेक्टर की समीक्षा बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में निमार्णाधीन रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग एवं सोशल सेक्टर की समीक्षा बैठक की।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लो.नि.वि. निर्माण खण्ड दयाशंकर से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर भूमि से सम्बन्धित समस्याओं को निस्तारित कराते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण



कराया जाय।

जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग व दिव्यांगजन सशक्तिकरण की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालयों में कराए जा रहें कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को वृद्धाश्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को निस्तारित कराकर पात्रों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए।

## एसपी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के साथ कल्यानकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर ।** बुधवार को जनपद के लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे जी उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के साथ कल्यानकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक तथा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से जुड़ी योजनाओं/उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक व जनसुनवाई की गई तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

# कार्यकताओं के परिश्रम से संगठन को मिलती है ऊर्जा, ताकत : संजय गुप्ता

## एक साल बेमिसाल पर महानगर अध्यक्ष को कार्यकताओं ने दी बधाई

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के बतौर अध्यक्ष एक साल पूरे होने पर पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं ने महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता को अंग वस्त्र पहनाकर और केक काटकर मुंह मीठा कराया। भाजपा महिला मोर्चा ने भी इस मौके पर महानगर अध्यक्ष का सम्मान एवं स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने




कार्यकताओं को इस सम्मान के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकताओं के लगन परिश्रम सहयोग से संगठन को ताकत व ऊर्जा मिलती है। महानगर के बूथ से लेकर मंडल स्तर के सभी कार्यकर्ता सम्मान के पात्र हैं। हम सब मिलकर संगठन को और मजबूत व 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे यही कामना है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेंद्र कुशवाहा, डॉ शैलेष पांडेय, कुंज बिहारी मिश्रा, प्रमोद मोदी, वंदना सिंह, शिखा रस्तोगी, राजेश गोंड, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, विश्वास श्रीवास्तव, गया प्रसाद, दीप द्विवेदी, स्मृति श्रीवास्तव, संदीप यादव, मनु चावला, रवींद्र, विजय श्रीवास्तव, गांधी, शुभम सिंह, निर्दोष सिंह गोलू, आशुतोष शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना कल्यानपुर पुलिस द्वारा अपहरण से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा नामजद/वांछित अभियुक्त शहबाज पुत्र पप्पू अंसारी निवासी ग्राम बेमिहा थाना पचपेडवा जनपद बलरामपुर उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## 22 लाख के 92 मोबाइल बरामद, स्वामियों को लौटाए, खुश





**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** बुधवार को कौशाम्बी पुलिस ने जिले के अलग-अलग थानों से चोरी, स्नेचिंग और गायब हुए 92 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने बरामद फोन को उनके मालिकों को वापस कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि बरामद मोबाइल उनके असली स्वामियों को पहचान व सत्यापन के बाद लौटा दिए गए। यह सफलता सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी पाम्बी-पू रजिस्टर) पोर्टल की मदद से मिली है। उन्होंने बताया कि सीईआईआर पोर्टल से अब मोबाइल चोरी और खोने के मामलों में त्वरित ट्रैकिंग संभव हो गई है। इस मौके पर एएसपी राजेश कुमार सिंह,सीओ शिवांक सिंह मौजूद रहें।

# नैनी पुलिस ने नकबजनी करने वाले 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, चोरी के कई सामान बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** नैनी थाना पुलिस टीम द्वारा बुधवार को 24 घंटे के अंदर मुखबिर की सूचना पर दो अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों समेत कुल तीन नामजद वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अमर चन्द्र निवासी मदारीपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, सुनील निवासी ग्राम पुतरीहा थाना करछना जनपद प्रयागराज, छोटू निवासी असरावल खुर्द थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को मैना देवी रोड अरैल पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी गये एक टुल्लु पम्प, 2 वाश बेसिन टोटी, 2 हैंगर, 2 टॉवल होल्डर, 14 पर्दे का कब्जा, 7 स्टील का



होल्डर तथा घटना में प्रयुक्त 1 ऑटो व 8 टायर बरामद किया गया। पुलिस की माने तो शोभनाथ मिश्र निवासी पानी की टकी के सामने मैना देवी रोड अरैल थाना नैनी जनपद प्रयागराज ने तहरीर दिया कि मध्य रात्रि के समय प्रार्थी के घर का ताला तोड कर घर में ?खा समान 1 टुल्लू पम्प, 2 टावेल होल्डर, 2 टोटी, 2 हैगर, पर्दे का कब्जा एवं होल्डर सेट, दस हजार रुपये व सीलिंग फैन चोरी हुए हैं। इस बारे में नैनी में मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया। बुधवार को 24 घंटे के अंदर मुखबिर की सूचना पर चोरी गए सामान को पुलिस ने बरामद कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ कई थाने में पहले से ही आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## महिला को ऑटो ने मारी टक्कर मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मालक मोहिद्दीन पुर मंहगांव के पास सड़क किनारे जा रही एक महिला को तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो चालक ने जोरदार टक्कर मार दी है टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिर गई है और गंभीर रूप से घायल हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां उसकी मौत हो गई है मौत के बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक रामकली देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी हनुमान प्रसाद निवासी मलाक मोहिद्दीनपुर बुधवार की दोपहर गांव के समीप सड़क पार कर रही थी इसी बीच तेज गति आ रहे ऑटो चालक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे महिला घायल हो कर सड़क पर गई है घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया क्या है जहां उसकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी के बाद परिजन भी रोते बिलखते पहुंच गए हैं।

## सीओ लाइन ने परेड के दौरान पुलिस कर्मियों व प्रशिक्षु आरक्षियों की लगवाई दौड़

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी ।** क्षेत्राधिकारी लाइन/कौशाम्बी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में बुधवार की परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर टोलीवार परेड का निरीक्षण कर परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों को दौड़, पीटी अभ्यास एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई।

परेड उपरांत सीओ द्वारा पुलिस लाइन स्थित मेस , आरटीसी बैरकों, प्रशिक्षण कक्ष, विभिन्न शाखाओं, डीसीआर, शस्त्रागार, डायल-112 कार्यालय, परिवहन शाखा, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, पुलिस बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त पन्नालाल गिरफ्तार

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**



**वाराणसी ।** पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे "ऑपरेशन चक्रव्यूह" अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त पन्नालाल पुत्र केशव प्रसाद निवासी परशुरामपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को दबीश देकर देर रात को समय करीब 21.50 बजे हृदयपुर अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी थाना सारनाथ. उ0नि0 राहुल यादव. हे0का0 पंकज सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

# सराय अकिल व करारी के छिनैती घटना के खुलासे का पुलिस ने किया दावा

## एक अभियुक्त गिरफ्तार, दूसरा भाग निकला

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस ने सराय अकिल और करारी थाना क्षेत्र में हुई छिनैती की घटनाओं के खुलासे का दावा करते किया है। इसमें एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है जबकि उसका दूसरा साथी भाग निकलने में कामयाब रहा। गिरफ्तार किया गया युवक मोहम्मद सैफ उर्फ बाटे बताया गया है। पुलिस ने बताया कि 11 मार्च को थाना सराय अकिल में पूजा अग्रहरि पत्नी ओम प्रकाश निवासी पीपलगांव झलवा प्रयागराज ने सूचना दिया कि 9 मार्च को दिन में लगभग 12 बजे आटो से एक कार्यक्रम में शामिल होने धारूपुर जा रही थी। जरैनी गांव के पास पीछे से सफेद अपाचे मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति झपट्टा मारकर पहने हुए सोने का मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। इसी प्रकार 14 मार्च को थाना करारी में मनोज कुमार पुत्र सूरजबली निवासी सीतापुर थाना व कस्बा सराय अकिल जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी बुआ की लड़की गुडिया देवी 13 मार्च को मेरे घर शादी समारोह में शामिल होकर ई-रिक्शा से अपने घर टाण्डा सैनी जा रही थी। लक्ष्मणपुर तिराहा के पास मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति झपट्टा मारकर उसके गले से मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। तहरीर के आधार पर तत्काल थाने में



अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक करारी व सराय अकिल तथा प्रभारी एसओजी, सर्विलांस के नेतृत्व में टीमों का गठन करते कर घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, आसपास के लोगो से पूछताछ व सर्विलांस आदि की सहायता से घटनाओं से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई। दो युवक मोटरसाइकिल से तिल्हापुर से नहर मार्ग होकर इमली गांव की तरफ जा रहे थे। पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया तो दोनो पीछे मुड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेरकर एक संदिग्ध युवक मो0 सैफ उर्फ बाटे निवासी ग्राम जारी सेमरी थाना कौधियारा जनपद प्रयागराज को मोटर साइकिल के साथ पकड़ लिया जबकि दूसरा संदिग्ध मोटरसाइकिल छोडकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार युवक के कब्जे से 2 लाकेट तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल अपाचे बरामद की गई। पुलिस ने युवक को थाने लाकर पूछताछ किया तो छिनैती की घटना का खुलासा हो गया। भागे अभियुक्त की बरामद मोटरसाइकिल के बारे में आरोपी सैफ ने बताया कि यह मोटरसाइकिल 6 फरवरी को मंझनपुर चौराहे के पास से चोरी की गई थी। अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर झपटमारी की घटना को अपने एक साथी के साथ मिलकर अंजाम देने की बात स्वीकार किया गया तथा बरामद मोटरसाइकिलों के सम्बन्ध में भी बताया कि दोनो मोटर साइकिल भी चोरी की है।

# प्रयागराज जेडी, डीआईओएस ने किया मूल्यांकन केन्द्रों का औचक निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

## पहले दिन 80 फीसदी परीक्षकों ने शुरू किया मूल्यांकन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की 2026 की बोर्ड परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से शुरू हो गया है। प्रदेश भर में निर्धारित किए गए 250 मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन किया जा रहा है। यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शामिल लगभग 50 लाख, छात्र छात्राओं की करीब पौने तीन करोड़ कापियों का मूल्यांकन परीक्षको ने शुरू कर दिया है। कापियों का मूल्यांकन एक अप्रैल को पूरा होगा। प्रयागराज के जेडी आरएन विश्वकर्मा और डीआईओएस पीएन सिंह ने आज मूल्यांकन केन्द्रों का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिया है।



प्रयागराज के जेडी आरएन विश्वकर्मा ने बताया कि प्रयागराज मंडल में कुल 21 मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटर की कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। जेडी आर एन विश्वकर्मा ने बताया कि प्रयागराज जिले में सबसे अधिक 10 और फतेहपुर और प्रतापगढ़ जिले में पांच-पांच और कौशांबी में एक मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि आज पहले दिन मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षकों की 80 फीसदी उपस्थिति दर्ज की गई है। उन्होंने कहा है कि केंद्रों पर परीक्षकों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रयागराज के डीआईओएस प्रयागराज पीएन सिंह ने बताया कि जिले में 10 मूल्यांकन केंद्रों पर आज से मूल्यांकन शुरू हो गया है। प्रयागराज जिले में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की कुल 1224 788 कापियों का मूल्यांकन 6 हजार से अधिक परीक्षक करेंगे। मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन कराया जा रहा है। परीक्षकों के लिए भी मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से 24 घंटे सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई है। केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य में नियुक्त अध्यापकों और कार्मिकों के अतिरिक्त किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। जिले स्तर पर मूल्यांकन कार्यों में प्रभावी निगरानी के लिए सभी जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त कर किए गए हैं। प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर डीएम की ओर से स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है।



यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि कापियों का मूल्यांकन सभी केन्द्रो पर शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच जिलों प्रयागराज, मेरठ,बरेली, वाराणसी और गोरखपुर में पारंपरिक व्यवस्था के साथ-साथ यूपी बोर्ड के पोर्टल पर ऑनलाइन अंक अपलोड किए जाने की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन की निष्पक्ष और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## संजय तिवारी ने जिलाध्यक्ष गंगापार को बधाई दी

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** गंगापार जिले से अरुण मिश्रा पिंटू नेता को नगर निगम प्रयागराज का नामित पार्षद बनाए जाने पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान से उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें बधाई दी संजय तिवारी ने कहा कि जिलाध्यक्ष पर ब्राह्मण विरोधी होने का आरोप लगाने वालों को देखना चाहिए कि गंगापार से एक नामित पार्षद अरुण मिश्रा पिंटू नेता को बनाया है ये उनके लिए एक करारा जवाब है जिलाध्यक्ष को ब्राम्हण विरोधी बताने में लगे हैं जिला अध्यक्ष जी के माध्यम से शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जनता त्रस्त, भाजपाई मस्त- प्रतिमा रावत

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर ।** देश वा प्रदेश में हो रही रसोई गैस की कालाबाजारी व महगाई के विरोध मे बुधवार को फूलपुर तहसील मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल व प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा रीबू श्रीवास्तव के निर्देश पर समाजवादी महिला सभा गंगापार की जिला अध्यक्ष प्रतिमा रावत के नेतृत्व में सैकडो महिलाओ व समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ विशाल धरना प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए महिला सभा की जिला अध्यक्ष प्रतिमा रावत ने कहा कि पूरे भारत देश एवं उत्तर प्रदेश में विगत कई दिनों से लगातार गैस सिलेंडर की किल्लत एवं भीषण महंगाई की समस्या से आम जनता त्रस्त है भाजपा सरकारो में नेता मस्त है और प्रदेश की जनता त्रस्त है महंगाई आसमान छू रहा है अभी भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है महंगाई भ्रष्टाचार अगर कम करना है तो समाजवादी पार्टी सरकार लाना बहुत जरूरी है।

प्रदर्शन में मुख्य रूप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमला यादव,जिला महासचिव पदमा यादव, फूलपुर विधान सभा अध्यक्ष सुनीता यादव प्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष राजकुमारी यादव,हंडिया विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला यादव माधुरी गोतम सुषमा पासी नीलम बिंद, सुधा शुक्ला, एडवोकेट सुनील यादव,सौरभ कुमार चंदन यादव,अवधेश नारायण जी राम नरेश पाल एवं कई सम्मानित समाजवादी नेता मौजूद रहे।

## जुआ खेलने वाले 5 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से नगदी बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज ।** डीसीपी नगर मनीष शांडिल्य के निर्देश पर थाना कीडगंज पुलिस द्वारा देर रात मुखबिर की सूचना पर 5 अभियुक्तों पंकज निषाद पुत्र स्व0 द्वारिका प्रसाद निवासी 24/25 नई बस्ती थाना कीडगंज, अमित जायसवाल पुत्र स्व0 अशोक कुमार जायसवाल निवासी 594 खलासी लाइन थाना कीडगंज, ऋषभ केसरवानी पुत्र सुरेश केसरवानी निवासी 723 गऊघाट गल्लामंडी थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज, प्रियांशु पुत्र सत्यम मिश्रा निवासी 211/183 नई बस्ती कीडगंज व जितेन्द्र पाल पुत्र स्व0 मदन पाल निवासी 245/292 चौखण्डी नई बस्ती कीडगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को सार्वजनिक स्थान यमुना नदी के किनारे हेलीपैड के नीचे जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया व कब्जे से 1680/- रुपये मालफड़ व 760/- रुपये जामातलाशी के बरामद किया गया ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थानाध्यक्ष कीडगंज सुशील कुमार दुबे, उ0नि0 भूपेन्द्र यादव. उ0नि0 सन्दीप यादव. उ0नि0 अनूप कुमार, थाना कीडगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## दुराचार का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**राम सिंह यादव**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**झूंसी प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में थाना सरायइनायत पर दुष्कर्म से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोने लाल पटेल पुत्र जयराम पटेल निवासी दयालापुर थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा बुधवार को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत सी0एच0सी0 कोटवा बनी के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्त सोने लाल पटेल उपरोक्त द्वारा थाना सरायइनायत क्षेत्रांतर्गत एक महिला को इन्ट्राग्राम पर वीडियों कालिंग के माध्यम से स्क्रीन शॉट लेकर ब्लैकमेल करने तथा वादिनी मुकदमा/पीड़िता को मजबूर कर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में दिये गये तहरीर के आधार पर थाना सरायइनायत पर दिनांक-12.03.2026 को मु0अ0सं0-58/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।



## फाफामऊ पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**फाफामऊ ।** थाना फाफामऊ पुलिस द्वारा बुधवार को एन0आई0 एक्ट से सम्बंधित वारण्टी अभियुक्त गया प्रसाद मिश्रा पुत्र शीतला प्रसाद मिश्र निवासी रंगपुरा थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फाफामऊ क्षेत्रांतर्गत उसके निवास ग्राम रंगपुरा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# सांसद सीमा द्विवेदी , परिजनों सहित बडी संख्या में ग्रामीणों ने दी विदाई

## पित्रों के तर्पण को गया रवाना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज / जौनपुर।** जौनपुर के सुजानगंज ब्लाक के ग्रामसभा अचकारी के पूर्व तहसीलदार स्व शोभनाथ द्विवेदी की धर्म पत्नी श्रीमती सूर्यावती द्विवेदी, पूर्व अमीन रमानाथ द्विवेदी सपत्नीक और विजय नाथ द्विवेदी सपत्नीक पित्रों के तर्पण के लिए पूजन अर्चन कर गया जी (बिहार ) के लिए प्रस्थान किया। इसके पूर्व यह सभी लोग अयोध्या के भरतकुंड और वाराणसी के पिशाचमोचन घाट पर पिण्डदान और पूजन कर गया के लिए प्रस्थान करेगे।



वहां से वापसी में मां विन्ध्याचल धाम और तीर्थराज प्रयागराज में पूजन अर्चन कर घर वापसी करेगे। पूजन अर्चन पं राहुल पराशर और काशी के आचार्यो ने संपन्न कराया।इस दौरान गया जाने वालों को राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, बीएचयू के प्रो (डा) अरूण द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमन द्विवेदी, भाजपा नेता मनोज द्विवेदी, नीरज द्विवेदी, संतोष द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, प्रभात द्विवेदी, डा अंकुर द्विवेदी सहित बडी संख्या में ग्रामीणों ने गया जाने वालों का माल्यार्पण कर डीजे बैण्ड बजे के साथ विदाई दिया। गया से वापस के बाद यह सभी लोग जगन्नाथ पुरी (उडीसा) के लिए प्रस्थान करेगे। श्रीमदभागवद् कथा और गया जी का भण्डारा नवंबर माह में होने जा रहा है जिसमें बडी संख्या में लोग शामिल होगे।

## जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** डीजीपी रेलवे प्रकाश डी व पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशांत वर्मा के निर्देश पर जीआरपी प्रयागराज पुलिस स्टेशनों पर चोरी की आरोपियों की तलाश में चेकिंग के दौरान एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 रामकरन सिंह प्रभारी चौकी जी0आर0पी छिवकी व उ0नि0 राजकुमार चौहान चौकी प्रभारी नैनी थाना जीआरपी प्रयागराज मय पुलिस टीम के रेलवे स्टेशन प्रयागराज के प्लेटफार्म नं0 01 हावड़ा इंड़ साइड लाइन रेलवे कालोनी को जाने वाले रास्ते के गेट के पास से समय करीब 12.10 बजे शातिर अभियुक्त रोहित ठाकुर उपरोक्त के कब्जे से चोरी की दो मोबाइलें बरामद करते हुए गिरफ्तार किया।

## 47 अभ्यर्थियों की हुई काउंसिलिंग, पदस्थापन 23 को

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** परिषदीय उच्च प्राथमिक स्कूलों में विज्ञान और गणित विषय की 29334 सहायक अध्यापक भर्ती में चयनित 52 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय मम्फोर्डगंज में आज सुबह से शुरू हुई जिसमें 47 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि पांच अभ्यर्थी काउंसलिंग में शामिल नही हुए।

बीएसए अनिल कुमार ने बीईओ होलागढ लालजी शर्मा, बीईओ बहरिया शिव औतार, सैदाबाद बीईओ अखिलेश कुमार, बीईओ कौडिहार क्षमाशंकर और नगर क्षेत्र प्रतिभा सिंह ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की और उनके सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों को जमा कराया। अभ्यर्थियों ने अपने साथ लाये सभी मूल शैक्षिक, प्रशिक्षण अभिलेखों, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र व मूल पहचान पत्र (आधार कार्ड व पैन कार्ड) कार्यालय में जमा किया। अभ्यर्थी 29334 गणित और विज्ञान भर्ती के आनलाइन आवेदन की प्रति, रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने की रसीद व पूरित आवेदनपत्र की प्रति जमा किया।



निर्धारित शपथपत्र एवं आफलाइन आवेदनपत्र भरकर जनपदीय चयन समिति के समक्ष उपस्थित हुए। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि जो अभ्यर्थी काउंसलिंग में शामिल हुए है उनके प्रमाणपत्रों की जांच के बाद संभवतः सोमवार को पदस्थापन किया जाएगा।

## लालगोपालगंज: प्रशासन की सुस्ती से फिर बिगड़ी यातायात व्यवस्था

### वेंडिंग जोन छोड़ सड़कों पर लौटेने लगे दुकानदार



**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** कस्बे के जेठवारा मार्ग पर जाम की समस्या एक बार फिर नासूर बनने लगी है। कुछ दिनों पहले प्रशासन द्वारा दिखाई गई सख्ती अब ठंडी पड़ती नजर आ रही है, जिसका फायदा उठाकर सब्जी दुकानदारों ने पुनः सड़क की पटरियों पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। हाल ही में नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए जेठवारा रोड पर लगने वाली दुकानों को तिराहा स्थित नवनिर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराया था। इस पहल से कुछ दिनों तक लोगों को जाम से राहत मिली थी। लेकिन अब नगर पंचायत की कथित लापरवाही के चलते दुकानदार वेंडिंग जोन छोड़कर वापस पुरानी जगह पर पलायन करने लगे हैं। इसके परिणामस्वरूप जेठवारा मार्ग पर आवागमन फिर से दूभर हो गया है और घंटों जाम लग रहा है। सड़क पर दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं का कहना है। कि वेंडिंग जोन में मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी और छाया का घोर अभाव है। सुविधाएं न होने के कारण वहां दुकान लगाना उनके लिए कठिन हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन ने शुरूआत में तो काफी सख्ती दिखाई, लेकिन नियमित शख्ती न होने के कारण दुकानदार फिर से सड़क पर आ गए हैं। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जेठवारा मार्ग पर जाम की स्थिति पूर्व जैसे हो सकती है।

## संवार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता पुरुस्कृ वितरण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर ।** राजकीय महिला महाविद्यालय परासिनपुर,फूलपुर, में चल रहे दो दिवसीय कीड़ा प्रतियोगिता का बुधवार को संपन्न हो गया।प्रथम वार्षिक क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि प्रोफेसर मुरलीधर राम गुप्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार, समस्त प्राध्यापक तथा खिलाड़ी विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस दौरान सर्वप्रथम 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पुष्पा तथा आकांक्षा यादव ने द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर अंजलि रही। भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी द्वितीय स्थान किरण तथा तृतीय स्थान तमन्ना बीए द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया।ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उर्मिला, द्वितीय श्वेता पटेल तथा तृतीय स्थान संध्या बी.एस-सी.द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर दौड़ में प्रथम स्थान खुशी द्वितीय स्थान सुजाता तथा तृतीय स्थान श्वेता पटेल ने प्राप्त किया।




समापन कार्यक्रम में डॉ. राजकरन पटेल क्रीड़ा प्रभारी ने दो दिवसीय आयोजन की आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर मुरलीधर गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बताया कि सीमित संसाधनों में भी महाविद्यालय ने बहुत सुंदर आयोजन किया है । सबसे ज्यादा उत्साह खिलाड़ी छात्राओं में दिखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार ने कहा कि क्रीड़ा प्रतियोगिता में जीतने का जितना महत्व है उससे अधिक प्रतिभाग करने का है। आपने सभी छात्राओं को जीवन में सफल होने की शुभकामनाएं दीं। आभार ज्ञापन डॉ विजय प्रकाश यादव ने किया। इस वर्ष की चैंपियन खिलाड़ी प्रतिमा बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा रही। खेलकूद को सफल बनाने में प्रोफेसर श्याम जी सोनकर, डॉक्टर स्मिता गौतम, डॉक्टर रवि प्रकाश, डॉक्टर पूजा गुप्ता, डॉक्टर शालिनी कुशवाहा, मनोज कुमार पाल, अच्छेलाल, राजमणि, शंभू नाथ, विकास, अभिषेक कुमार का अमूल्य सहयोग रहा।

# कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य धरोहर: संजय गुप्ता

## नामित पार्षदों का हुआ स्वागत, अभिनंदन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रयागराज नगर निगम के नव नियुक्त सभी 10 नामित पार्षदों का स्वागत, अभिनंदन आज किया। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने अंग वस्त्र पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर पार्षदों का स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान नामित पार्षदों ने अपने अपने संगठनात्मक दायित्वों कार्यों के अनुभव को भी पार्टी कार्यकताओं के बीच बांटा। इस अवसर पर भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि संगठन ने आपके कामों को जांचा परखा और आपको नामित पार्षद के रूप में सम्मान दिया। कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य धरोहर हैं। काम के बल पर हम कहीं भी पहुंच सकते हैं। नामित पार्षदों में सभी एक साधारण कार्यकर्ता और अपने काम के बल पर यहां तक पहुंचने वाले हैं। पार्टी के लिए काम करने वाला कार्यकर्ता सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यकताओं के दम पर आज संगठन इस मुकाम पर है। अभी 15 मार्च को आयोजित हुए होली एवं बसंतोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकताओं का अथाह परिश्रम रहा इसके लिए समस्त कार्यकर्ता आभार के पात्र हैं। नामित पार्षदों से ये पूरी उम्मीद व विश्वास है कि वे जनता के प्रति अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभायेंगे।



**इन नामित पार्षदों का हुआ स्वागत अभिनंदन**

स्वारिका भरद्वाज शिवगनगर कालोनी, श्याम चंद्र हेला राजापुर, दुर्गेश नंदिनी काला डांडा हिम्मत गंज, राजेश कुशवाहा खुल्दाबाद, अखिलेश सिंह राजरूपपुर, बब्बन प्रजापति कृष्णा नगर कीडगंज, दिलीप केसरवानी काजीपुर नैनी(प्रयागराज महानगर), प्रवीण भारतीय नेवादा हास्टिंग रोड, अरुण कुमार मिश्रा आवास विकास कालोनी झूंसी व लाल बहादुर साहू टीएसएल नैनी से नवनियुक्त नामित पार्षद के रूप में स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा ने किया।

डॉ शैलेष पांडेय, प्रमोद मोदी, राजेश गोंड, विजय श्रीवास्तव, वंदना सिंह, शिखा रस्तोगी, मनोह कुशवाहा, पूर्व पार्षद प्रवक्तापवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, दीप द्विवेदी, सुजीत कुशवाहा, मोहित गुप्ता, अमन शर्मा, आनंद दुबे आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# युद्ध से बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को बड़ा खतरा

15 दिनों से चला आ रहा युद्ध, भीषण होता जा रहा है, ईरान की हटधर्मिता से अमेरिका- इजरायल ही नहीं, अन्य देश भी सधी हुई युद्ध नीति से अचंभित है, जबकि दूसरी और अमेरिका अपनी ही चालो में फसकर रह गया है, उनकी सभी योजनाओं के विफल होने से अमेरिका युद्ध में खुद फसा आ रहा है वेनेजुएला की तरह ईरान को अपने अधिकार क्षेत्र लाने मे कामयाब होने के लिए युद्ध की शरुआत में ईरान के नहीं विश्व के शिया मुश्लिम नेता खामनेई की हत्या कर दी गईं, इस हत्या से पुरे विश्व के शिया मुश्लिमों मे रोष है भारत भी इस रोष से बच नहीं पाया, भारत के लखनऊ, रांची और कश्मीर जैसे शहरों में लोग खामनेई हत्या के विरोध मे बड़ी संख्या मे सड़को पर उतरे। अभी तक इतिहास में मिडिल ईस्ट में सबसे ज्यादा अधिक हमले हुए है.. अमेरिका के अनुसार ईरान अपने अस्तित्व के आखिर मे है, लेकिन ईरान की लड़ाई की नीति ने खाड़ी देशो उन सभी देशो (जहाँ अमेरिका सैनिक अड्डे है) पर बम-बारी कर सभी को अचंभीत ही नहीं किया बल्कि अमेरिका को भी चेताया, बढ़ते युद्ध में आने वाले समय में परमाणु हथियारों का उपयोग भी किया जा सकता है। इस युद्ध के कारण में विश्व में कच्चे तेल के बढ़ते दामों से पुरे विश्व में महगाई बढ़ने के आसार बढ़ रहे है यही ईरान की नीति भी है कि विश्व में बढ़ते कच्चे तेल के बढ़ते दामों का ठीकरा अमेरिका पर फोड़ उसे दोषी ठहरा सके।

भारत सरकार अपनी सफल कूटनीति से और विदेश मंत्रालय की सक्रियता से अपने मूल के लोगो को खाड़ी देशो से निकाल स्वदेश वापसी कराकर एक फिर अपने को साबित किया है, भीषण युद्ध के बीच भारत कच्चा तेल ही नहीं एल पी जी और पी इन जी लाने मे भी सफलता हासिल की है, जबकि भारत के पास अपनी क्षमता के अनुसार 70 दिन का भंडार उपलब्ध है। लेकिन भविष्य की चुनोतियों को नकारा नहीं जा सकता है, खाड़ी देशो मे खाद्य पदार्थो की बढ़ती कीमतें वहा की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनती जा रही है। भारत का विपक्ष इस समय आपदा मे अवसर ढूंढने की तलाश में है, समय की गंभीरता को नकाराते हुए, पूरे विपक्ष के भिन्न भिन्न नेताओं के द्वारा दिए गए ब्यान सरकार को कमजोर साबित करने की कोशिश कर देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बनने की कोशिश कर रहे, विपक्ष के नेताओं के अमर्यादित बयानों से अमेरिका ईरान के युद्ध से दुखी लोगो को उकसाकर देश को ग्रहयुद्ध जेसे हालात पैदाकार विपदा में धकेलने का प्रयास कर रहे है, भविष्य में देश में आतंकवादी घटनाओ और पंथ विशेष संघर्ष जैसे हालातो से नकारा नहीं जा सकता है, भारत को अपनी राष्ट्रीय सीमाओं के साथ अपनी आंतरिक सुरक्षा के लिए सचेत व सजग रहने की आवश्यकता हैं । अगर जल्द यह युद्ध नहीं रुका तो विश्व अन्य देश भी इसकी जद्द में आने से अछूते नहीं रहेंगे, युक्रेन- रसिया 4 साल से युद्ध लड़ ही रहे है, पाकिस्तान- अफगानिस्तान एक दूसरे पर निरंतर बमबारी कर रहे है, उत्तरी कोरिया झ्र पश्चामी कोरिया पे 2 बार मिसाइल छोड़ चुका है, वही चाइना और ताईवान आमने सामने आ चुके हैं। चाइना के दबाव मे पाकिस्तान से हमले को भी भारत को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

## अमेरिका-इजराइल-ईरान: तृतीय विश्व युद्ध में लिप्त

**प्रो. नीलम महाजन सिंह**

**अमेरिका** व इजराइल ने ईरान पर हमला क्यों किया और यह युद्ध कब समाप्त होगा? अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू करने के उपरांत 28 फरवरी, 2026 को ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता, अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के साथ, पूरे मध्य पूर्व में संघर्ष जारी हो गया है। ईरान ने इजराइल व खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका के सहयोगी देशों पर हमले की जवाबी कार्रवाई जारी रखी है। ये हमले गैर-सैन्य लक्ष्यों तक फैल गए हैं, जिनमें नागरिक स्थल व ऊर्जा संयंत्र शामिल हैं। अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर हमला किया था, जिसमें उन्होंने राजधानी तेहरान व पूरे देश में ईरानी मिसाइल के बुनियादी ढांचे, सैन्य ठिकानों व नेतृत्व को निशाना बनाया है। ईरान के सर्वोच्च नेता, अयातुल्ला अली खामेनेई, जो 1989 से देश का नेतृत्व कर रहे थे, हमलों की पहली लहर के दौरान मार दिए गए। इजराइली सेना ने बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के दर्जनों वरिष्ठ अधिकारी मारे गए। खामेनेई की मृत्यु के बाद उनके बेटे, मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। 13 मार्च को अमेरिकी रक्षा सचिव, पीट हेगसेथ ने कहा कि नए हमलों में मोजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं व संभवतः उनका चेहरा बिगड़ गया ह। उन्होंने इशारा किया कि हाल के हफ्तों में वे सार्वजनिक रूप से देखाई नहीं दिए। तेहरान ने हेगसेथ के दावे को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि नए सर्वोच्च नेता के साथ कोई समस्या नहीं है। अमेरिका-इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। ईरान ने कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है। हाल के दिनों में इन दोनों ने ईरानी तेल रिफाइनरियों पर हमले तेज किए हैं। अमेरिका ने खर्ग द्वीप पर ध्यान केंद्रित किया, जहाँ एक बड़ा टर्मिनल है जिसे ईरान की आर्थिक जीवनरेखा माना जाता है।

# दूषित जलः विकास के दावों पर एक गंभीर प्रश्न

**ललित गर्ग**



अक्सर कहा जाता है कि जल ही जीवन है। किंतु यदि यही जल दूषित हो जाए तो क्या उसे जीवन का आधार कहा जा सकता है? सच तो यह है कि दूषित जल जीवन को बचाने के बजाय उसे संकट में डाल देता है। आज भारत सहित पूरी दुनिया में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। विडंबना यह है कि जिस देश में नदियों को माता का दर्जा दिया जाता है और जल को जीवन का मूल तत्व माना जाता है, वहीं करोड़ों लोग आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। यह स्थिति केवल संसाधनों की कमी का परिणाम नहीं है, बल्कि कहीं न कहीं नीतिगत कमजोरियों, प्रशासनिक उदासीनता और विकास के असंतुलित मॉडल की भी देन है। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2019 में आरंभ हुआ जल जीवन मिशन इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। इस योजना का उद्देश्य था कि देश के हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त नदियों की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे जैसी परियोजनाएं भी शुरू की गईं। इन योजनाओं के कारण पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2019 में केवल लगभग 16.7 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचता था, वहीं 2024 के अंत तक यह आंकड़ा 80 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया। यह उपलब्धि निस्संदेह महत्वपूर्ण है, किंतु केवल पाइपलाइन बिछा देने भर से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि जो पानी घरों तक पहुंच रहा है वह वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित भी हो।

दुर्भाग्य से जल गुणवत्ता के मोर्चे पर स्थिति उतनी संतोषजनक नहीं दिखाई देती। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पेयजल के नमूनों की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि बड़ी मात्रा में जल प्रदूषित पाया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि लिए गए दूषित नमूनों में से केवल लगभग एक चौथाई को ही शुद्ध करने के प्रयास किए गए। इसका अर्थ यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग अब भी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारे विकास के दावों की तार्किकता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि जल जैसे बुनियादी संसाधन की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो विकास की उपलब्धियां अधूरी ही मानी जाएंगी। पेयजल की गुणवत्ता का संकट केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भी यह समस्या बराबर देखने को मिलती है। महानगरों और बड़े शहरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था और सीवेज प्रबंधन की कमजोरियों के कारण जल स्त्रोत लगातार प्रदूषित हो रहे हैं। कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन और सीवर लाइन एक-दूसरे के बेहद करीब बिछी हुई हैं। समय के साथ जब ये पाइपलाइन जर्जर हो जाती हैं तो सीवर का गंदा पानी पेयजल में मिल जाता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो जाता है। हाल के वर्षों में कई शहरों में दूषित पानी के कारण लोगों के बीमार पड़ने और यहां तक कि मौत होने की घटनाएं सामने आई हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर जैसे शहर में हुई ऐसी घटनाओं ने इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया है। यह विडंबना ही है कि जो शहर स्वच्छता के लिए देश में बार-बार अग्रणी स्थान प्राप्त करता रहा है, वहीं दूषित जल के कारण लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ लंबे समय से यह चेतावनी देते रहे हैं कि अधिकांश बीमारियों की शुरूआत पेट से होती है और दूषित जल इसका सबसे बड़ा कारण बनता है। दस्त, उल्टी, टाइफाइड, हैजा और पीलिया जैसी जलजनित बीमारियां आज भी लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इन बीमारियों का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित होती है। ऐसे में दूषित पानी केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह जाता, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले लेता है। जल प्रदूषण के पीछे कई कारण हैं। औद्योगिक कचरे का बिना उपचार के नदियों और जलाशयों में छोड़ा जाना एक बड़ा कारण है। इसके अतिरिक्त शहरों से निकलने वाला अनुपचारित सीवेज भी बड़ी मात्रा में जल स्त्रोतों को प्रदूषित करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार देश की सैकड़ों नदियों के अनेक नदी खंड जल गुणवत्ता के मानकों से नीचे पाए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि हमारे जल स्त्रोत धीरे-धीरे प्रदूषण के गंभीर जाल में फंसते जा रहे हैं। दूसरी ओर, भूजल का अत्यधिक दोहन भी स्थिति को और जटिल बना रहा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक भूजल निकालने वाले देशों में अग्रणी है। अत्यधिक दोहन के कारण न केवल जल स्तर गिर रहा है, बल्कि कई स्थानों पर भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक और अन्य हानिकारक रसायनों की मात्रा भी बढ़ती जा रही है। विकास की अंधी दौड़ ने भी इस संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तेजी से फैलते शहर, बढ़ते उद्योग और बढ़ती आबादी जल संसाधनों पर भारी दबाव डाल रहे हैं। लेकिन इसके समानांतर जल प्रबंधन की व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो पाई है। कई शहरों में सीवेज उपचार संयंत्रों की क्षमता पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में गंदा पानी सीधे नदियों और झीलों में पहुंच जाता है। जब यही जल स्त्रोत पेयजल आपूर्ति का आधार बनते हैं तो स्वाभाविक रूप से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। दूषित जल का प्रभाव केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता। इसका असर पूरे पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ता है। नदियों और झीलों में बढ़ते प्रदूषण से जलीय जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ जाता है। कई प्रजातियां धीरे-धीरे समाप्त होने के कगार पर पहुंच जाती हैं। इसके अतिरिक्त दूषित जल का उपयोग जब खेती में होता है तो वह मिट्टी की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है और अंततः खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मनुष्य तक पहुंचता है। इस प्रकार जल प्रदूषण का दायरा व्यापक और बहुआयामी है। इस समस्या के समाधान के लिए केवल योजनाएं बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की भी आवश्यकता है। सबसे पहले पेयजल की गुणवत्ता की नियमित और पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जल के नमूने लेने की प्रक्रिया तभी सार्थक होगी जब प्रदूषित पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही जलापूर्ति और सीवेज व्यवस्था के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना अनिवार्य किया जाना चाहिए। जिन शहरों और कस्बों में पाइपलाइन व्यवस्था दशकों पुरानी हो चुकी है, वहां उन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम युद्धस्तर पर किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण भी आवश्यक है। उद्योगों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका कचरा बिना उपचार के किसी भी जल स्त्रोत में न जाए। इसके लिए कड़े नियमों के साथ-साथ प्रभावी निगरानी तंत्र की भी जरूरत है। स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई बार जल आपूर्ति और उसकी गुणवत्ता की निगरानी दोनों की जिम्मेदारी उन्हीं के पास होती है। ऐसी स्थिति में पारदर्शिता की कमी हो जाती है।

निश्चिततौर यह समझना होगा कि स्वच्छ जल केवल सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। जिस प्रकार भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य को जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं में शामिल किया जाता है, उसी प्रकार स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी उतनी ही अनिवार्य है। यदि देश को वास्तव में स्वस्थ और समृद्ध बनाना है तो जल की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं तभी पूर्ण रूप से सफल मानी जाएंगी जब हर घर तक पहुंचने वाला पानी वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन को केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाए। जब तक समाज, प्रशासन और सरकार मिलकर इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक दूषित जल का संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाएगा।

स्वच्छ जल की रक्षा दरअसल

# विपक्ष कब करेगा आत्ममंथन? बिहार रास चुनाव में विपक्ष की करारी हार

**सौरभ वार्ष्णेय**



बिहार की राजनीति में हाल ही में हुए राज्सभा चुनाव ने कई राजनीतिक संकेत दिए हैं। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के नेता राजद के लिए परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे। सीटों के गणित और राजनीतिक समीकरणों के कारण जिस तरह का परिणाम सामने आया, उसने विपक्षी राजनीति में असहजता और भीतर की पीड़ा को उजागर कर दिया। जिसे लेकर तेजस्वी यादव का दर्द छलक पड़ा? क्या विधायक इनके विश्वास पर खरे नहीं उतरे या भाजपा की रणनीति समझ नहीं पाये। इस सवाल उठ रहे है कि विपक्ष अब आत्ममंथन कब करेगा? बिहार जैसे राज्यों में तो स्थिति इतनी उलझी कि विपक्षी खेमे के कुछ विधायक मतदान के समय अनुपस्थित रहे और पूरा समीकरण बदल गया। यह घटना केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि विपक्ष के भीतर मौजूद कमजोरियों का संकेत भी है।

राज्यसभा जैसे चुनावों में गणित स्पष्ट होता है—यहां जीत का आधार संख्या और अनुशासन होता है। लेकिन जब अपने ही विधायक अनुपस्थित हों या क्रॉस-वोटिंग की आशंका पैदा हो जाए, तो यह संगठनात्मक ढीलापन और नेतृत्व की कमजोरी को उजागर करता है। ऐसे में ५ राज्यों के चुनावों मे इसका असर पड़ेगा। इसलिए अगर विपक्ष अब भी एकजुट नहीं हुआ तो एकजुट का मतलब अपने ही विधायकों का विश्वास जीतना।

राज्यसभा चुनाव सामान्यतः विधानसभा की संख्या बल पर निर्भर होते हैं, लेकिन इस बार बिहार में क्रॉस-वोटिंग और राजनीतिक रणनीतियों ने परिणाम को अलग दिशा दे दी। सत्ता पक्ष की ओर से नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत दिखाई, जबकि विपक्षी खेमे में अपेक्षित एकजुटता नजर नहीं आई। यही कारण है कि परिणाम आने के बाद तेजस्वी यादव के समर्थकों में निराशा और असंतोष साफ दिखाई दिया। ज्ञात रहे कि तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों से खुद को बिहार में विपक्ष की सबसे मजबूत आवाज के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। वे युवाओं, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। लेकिन राज्यसभा चुनाव के इस परिणाम ने यह संकेत दिया है कि केवल जनसभाओं और राजनीतिक भाषणों से सत्ता के समीकरण नहीं बदलते; इसके लिए ठोस राजनीतिक प्रबंधन और सहयोगियों की मजबूत प्रतिबद्धता भी जरूरी होती है। इस चुनाव ने एक और सच्चाई उजागर की— बिहार की राजनीति में अभी भी संख्या बल और रणनीति का महत्व सबसे अधिक है। यदि विपक्ष अपने भीतर की कमजोरियों को दूर नहीं करता, तो सत्ताधारी गठबंधन को चुनौती देना आसान नहीं होगा।

तेजस्वी यादव के लिए यह हार केवल एक सीट का नुकसान नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। यह संदेश है कि विपक्ष को संगठित होने, विधायकों के बीच भरोसा मजबूत करने और राजनीतिक रणनीति को अधिक सटीक बनाने की जरूरत है।

राज्यसभा चुनावों में लगभग 37 सीटों पर मुकाबला हुआ, जिनमें कई उम्मीदवार निर्विरोध भी चुने गए, जबकि कुछ राज्यों में सीधी टक्कर देखने को मिली।इन चुनावों ने यह साफ कर दिया कि सत्ता पक्ष जहां रणनीति और एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है, वहीं विपक्ष कई जगहों पर बिखरा हुआ नजर आता है। लोकतंत्र में हार-जीत का सिलसिला चलता रहता है। लेकिन यह हार विपक्ष के लिए आत्ममंथन का अवसर भी बन सकती है। यदि तेजस्वी यादव इस अनुभव से सीख लेकर अपनी राजनीतिक रणनीति को मजबूत करते हैं, तो आने वाले समय में यह पराजय ही उनकी नई राजनीतिक ताकत का आधार बन सकती है।

राज्यसभा चुनाव का परिणाम केवल सीटों की हार-जीत नहीं है; यह विपक्ष के सामने खड़ा आईना भी है। सवाल यही है—क्या विपक्ष इस आईने में खुद को देखने का साहस करेगा? यदि आत्ममंथन समय रहते नहीं हुआ, तो आने वाले चुनावों में भी यही कहानी दोहराई जा सकती है।

## पाठ्यपुस्तकों से परे शिक्षण: बेहतर सीखने की कुंजी

**डॉ. विजय गर्ग**

**शिक्षा** लंबे समय से ज्ञान के प्राथमिक स्त्रोत के रूप में पाठ्यपुस्तकों पर निर्भर रही है। पाठ्यपुस्तकें संरचित जानकारी प्रदान करती हैं, पाठ्यक्रम का मार्गदर्शन करती हैं, तथा छात्रों को परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद करती हैं। हालाँकि, 21वीं सदी की तेजी से बदलती दुनिया में सीखना केवल पाठ्यपुस्तकों तक ही सीमित नहीं रह सकता। छात्रों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और वास्तविक दुनिया की समझ विकसित करने के लिए पाठ्यपुस्तकों से परे शिक्षण आवश्यक हो गया है।

**पाठ्यपुस्तक-आधारित शिक्षा की सीमाएँ**

पाठ्यपुस्तकें मूल्यवान होती हैं, लेकिन वे अक्सर मुख्यतः सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती हैं। जब सीखना केवल पाठ्यपुस्तक की विषय-वस्तु को याद करने तक ही सीमित हो जाता है, तो छात्र परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन वास्तविक जीवन की स्थितियों में ज्ञान को लागू करने में संघर्ष करते हैं। आज शिक्षा के लिए छात्रों को समस्या-समाधान, संचार और नवाचार जैसे कौशल विकसित करने की आवश्यकता है। ये क्षमताएं केवल पाठ्यपुस्तक सीखने के माध्यम से पूरी तरह विकसित नहीं की जा सकती हैं। इसलिए, शिक्षकों को ऐसी विधियां अपनानी चाहिए जो सीखने की प्रक्रिया को पुस्तकों के पन्नों से आगे बढ़ा सकें।

**अनुभवात्मक और व्यावहारिक शिक्षा**

पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़ने का एक प्रभावी तरीका अनुभवात्मक शिक्षा है। यह दृष्टिकोण छात्रों को कार्य करके सीखने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्रयोग, परियोजनाएं, क्षेत्र भ्रमण और समूह चर्चा जैसी गतिविधियां छात्रों को सिद्धांत को अभ्यास से जोड़ने में मदद करती हैं। उदाहरण के लिए, विज्ञान शिक्षा में, केवल प्रकाश संश्लेषण जैसी अवधारणाओं के बारे में पढ़ने के बजाय, छात्र पौधों का अवलोकन कर सकते हैं, सरल प्रयोग कर सकते हैं और प्रक्रिया को अधिक गहराई से समझ सकते हैं। ऐसे अनुभव सीखने को आकर्षक और यादगार बनाते हैं।

**आधुनिक शिक्षा में प्रौद्योगिकी की भूमिका**

प्रौद्योगिकी ने पाठ्यपुस्तकों से परे शिक्षण के लिए नए अवसर खोले हैं। शैक्षिक वीडियो, इंटरैक्टिव सिमुलेशन, डिजिटल लाइब्रेरी और ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म छात्रों को विषयों का अधिक गहराई से अन्वेषण करने में मदद करते हैं। यूट्यूब और खान अकादमी जैसे प्लेटफॉर्म शैक्षिक सामग्री प्रदान करते हैं जो जटिल अवधारणाओं को सरल बना सकती है और सीखने को अधिक सुलभ बना सकती है। बुद्धिमानी से उपयोग किए जाने पर, प्रौद्योगिकी कक्षा शिक्षण का पूरक बन सकती है।

# केरल में कांग्रेस के खिलाफ प्रचार करेंगे तेजस्वी !

**अशोक भाटिया**

बिहार में राज्यसभा चुनाव के बीच राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने एक ऐसा राजनीतिक बयान दिया है, जिससे विपक्षी राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने घोषणा की कि उनकी पार्टी केरल में होने वाले विधानसभा चुनाव में वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के साथ मिलकर तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। तेजस्वी यादव के इस बयान को कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि केरल में कांग्रेस वाम दलों के खिलाफ मुख्य विपक्षी भूमिका में रहती है। ऐसे में राजद का वाम दलों के साथ चुनाव लड़ना कांग्रेस के साथ राजनीतिक दूरी का संकेत माना जा रहा है। बताया जाता है कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन के विधायकों के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की है . गौरतलब है कि सोमवार (16 मार्च) को बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए मतदान होना है. ऐसे में राज्य की पांचवीं सीट को लेकर खींचतान देखी जा रही है. इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और बहुजन समाज पार्टी किंगमेकर की भूमिका में दिखाई दे रही है. दोनों ही दलों का समर्थन एनडीए या महागठबंधन को मिला तो उसी की जीत होगी. ऐसे में ओवैसी और बीएसपी के विधायकों पर सबकी नजर बनी हुई है. तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि केरल में उनकी पार्टी का पहले से आधार रहा है और वहां पहले भी राजद के विधायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण पार्टी ने एक बार फिर वहां चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उनका कहना था कि राजद केरल में वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि यह गठबंधन फिर से सत्ता में लौटे। तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी पार्टी केरल में सीमित सीटों पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन गठबंधन के साथ मिलकर काम करेगी। तेजस्वी यादव के इस फैसले का राजनीतिक महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केरल में मुख्य मुकाबला वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच होता है। इस स्थिति में राजद का वाम दलों के साथ चुनाव लड़ना सीधे तौर पर कांग्रेस के खिलाफ खड़ा होने जैसा माना जा रहा है। बिहार में जहां राज्यसभा चुनाव के दौरान राजद को कांग्रेस के समर्थन की जरूरत है, वहीं दूसरी ओर केरल में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। केरल की राजनीति लंबे समय से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच घूमती रही है। एक ओर वाम दलों के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा है। इन दोनों गठबंधनों के बीच राज्य की सत्ता के लिए लगातार मुकाबला होता रहा है। केरल में लंबे समय तक यह परंपरा रही कि हर चुनाव में सत्ता परिवर्तन होता था और जनता एक बार वाम दलों को तो अगली बार कांग्रेस गठबंधन को सत्ता में लाती थी। इन सब के बीच सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बिहार और केरल की राजनीति में गठबंधनों का समीकरण बहुत अलग है। बिहार में फ्खऊ की अगुवाई वाले महागठबंधन में कांग्रेस और वाम दल छोटे सहयोगी की भूमिका में हैं। वहीं केरल में कांग्रेस और CPI(M) के नेतृत्व वाले वाम दल एक-दूसरे के कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। यही कारण है कि जहां बिहार में कांग्रेस और वाम दल एक साथ चुनाव लड़ते हैं, वहीं केरल में दोनों अलग-अलग मोर्चों पर आमने-सामने खड़े होते हैं। ऐसे में RJD का LDF के साथ जाना राजनीतिक रूप से एक दिलचस्प समीकरण बना रहा है। दरअसल, पांच राज्यों की विधानसभा चुनाव तिथियों की घोषणा ने वामपंथी दलों के लिए राजनीतिक रणभूमि तैयार कर दी है।

केरल में अपने एकमात्र मजबूत गढ़ को बचाए रखने और पश्चिम बंगाल में खोई राजनीतिक पकड़ को वापस हासिल करने की चुनौती उनके सामने है, जिससे ये चुनाव उनके लिए न केवल सत्ता की रक्षा बल्कि राजनीतिक पुनरुत्थान की कसौटी भी साबित होंगे।

## लाक्षागृह बनते अस्पताल, बेमौत मरते लोग?

**सौरभ वार्ष्णेय**

**कैसी** विडंबना है कि जीवनदान देने वाले अस्पताल अब लाक्षागृह बनते जा रहे है और लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं जहां लोग जीवन बचाने के लिए जाते है अगर वहां मौत नसीब हो तो यह वहुत ही खौफनाक त्रासदी है। ताजा घटना में ओडिशा के एससीबी मेडिकल कालेज व अस्पताल में हुआ जहां आग लगने से 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। आईसीयू में 23 मरीज दाखिल थे ।आग सुबह अढाई और तीन बजे के करीब लगी जिससे अफरा तफरी मच गई ।यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले भी हजारों हादसे हो चुके हैं।आंकडों के अनुसार कुछ साल पहले मुबंई के ईएसआईसी कामगार असपताल में आग लगने से छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और 146 लोग घायल हो गए थे । मरीजों व तीमारदारों को निकलने का मौका नहीं लगा और बेमौत मारे गए। छह लोगों की बुरी तरह झुलसने से मौत हो गइ थी। आग के कारणों का पता नहीं चल सका पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के मैडिकल कालेज व अस्पताल में भीषण आग लगने से तीन लोंगों की मौत हो गई थी और 18 लोग बुरी तरह झुलस गए थे ।मृतको में एक बच्चा व दो महिलाएं शामिल थे।आग एसी मशीन के कारण लगी बताई जा रही थी।हादसे के समय सैकडों मरीज कर्मचाारी मौजूद थे मगर लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। असपताल में चारों तरफ धुआं फेल गया था गनीमत रही लोग सुरक्षित स्थानों की तरफ भाग गए नहीं तो मृतकों का आंकडा ब-सजय सकता था। देश में अस्पतालों में आग का यह कोई पहला मामला नहीं है हर रोज कहीं न कहीं से ऐसे हादसे होतें रहते है कुछ दिन व्यवस्था ठीक रहती है फिर वही परिपाटी चल पडती है। सरकारें मुआवजा देकर अपना फर्ज निभाती है लेकिन मुआवजा इसका हल नही है। हादसों में झुलस गए लोग ताउम्र इसका दंश झेलेगें ।आज समूचे भारत में प्रतिदिन भीषण अग्निकांड़ हो रहे है। इन अग्निकांड़ो से कई प्रशन सुलगते जा रहे है कि देश के मसीहाओं को इन हादसों से कोई सरोकार नहीं होता। सरकार को ऐसे हादसों से सबक सीखना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके यह जनहित में है। सर्तकता बरतनी होगी।अगर अब भी लापरवाही बरती तो ऐसे हादसे होते रहेगें वक्त अभी संभलने का है।

## रसोई गैस की किल्लत को लेकर सपा महिला सभा का प्रदर्शन



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** रसोई गैस की किल्लत को लेकर समाजवादी महिला सभा ने सिविल लाइंस पत्थर गिरजाघर के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी महिला सभा की महानगर अध्यक्ष श्रीमती मंजू यादव ने किया। इस दौरान खाली गैस सिलेंडर, स्टोव तथा उपले रखकर महिलाओं ने नारेबाजी की। महानगर अध्यक्ष मंजू यादव ने रसोई गैस की किल्लत को शीघ्र दूर करने की मांग करते हुए भाजपा सरकार पर महंगाई रोकने मे असफल होने का आरोप लगाया। प्रदर्शन करने वालों में उर्मिला सिंह, सावित्री सिंह, रीता मौर्या, संध्या कुशवाहा, मंजू, रेनू बाल्मीकि, स्मिता जायसवाल, कंचन पासी, सरिता सिंह, छाया यादव, चंचल पासी, कमला पासी, कंचन कुशवाहा, सरोज, जुली पासी, सुमित यादव, आशीष पाल, प्रियांशु, तानिश जायसवाल, सुषमा यादव, पवन श्रीवास्तव, रचना यादव, ममता देवी आदि शामिल रहीं।

## सुलतानपुर : गोमती नदी में मिला अधेड़ का शव

**सुलतानपुर।**
उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर के थाना गोसाईगंज अंतर्गत गोमती नदी में बुधवार सुबह एक लाश मिली है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
थानाध्यक्ष गोसाईगंज राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मृतक के पास से एक आधार कार्ड मिला है जिससे बॉडी की शिनाख्त शीतला प्रसाद (52) पुत्र मोतीलाल कसौधन निवासी पार्किसगंज कोतवाली नगर के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके द्वारा शव की शिनाख्त कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## रिश्तेदार ने इंस्टाग्राम पर शेयर की महिला की न्यूड फोटो, केस दर्ज

**महोबा।**
महोबा जनपद में एक महिला की अश्लील फोटो उसके रिश्तेदार ने ही इंस्टाग्राम पर शेयर कर दी और विरोध करने पर उसे व परिजनों को जान से मारने की धमकी दी । तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
जनपद के अजनर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने बताया कि मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के पत्तापुर निवासी उसकी छोटी बहन का देवर बबलू यादव उसे लगातार परेशान कर रहा है।
बताया कि आरोपित ने उसकी न्यूड फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी , जिससे उसकी बदनामी हो रही है। जिसके लिए मना करने पर दबंग रिश्तेदार उसे व परिजनों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। कई बार मना करने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जिसके बाद महिला ने थाना में सूचना दी।
बुधवार को अजनर थाना प्रभारी सुभाषचंद्र ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बने विशाल तिवारी



सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। वरिष्ठ पत्रकार विशाल तिवारी को गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा संचालित जनजातीय कार्य मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। विशाल तिवारी करीब 15 वर्षों से अधिक समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं, वह वर्तमान में भारत एक्सप्रेस न्यूज नेटवर्क में संपादकीय सलाहकार की भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले साल 2010 में वे दिल्ली स्थित थिंक टैंक इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन (भारत नीति प्रतिष्ठान) से बतौर रिसर्च फेलो जुड़े थे।
विशाल तिवारी समेत 15 लोगों को इस समिति का सदस्य बनाया गया है। लोकसभा सांसद हेमंत विष्णु शर्मा, सांसद गौरव गोगोई और कृति देवी देववर्मन के अलावा राज्यसभा सांसद रमिलाबेन बेचार भाई बारा, सांसद चुन्नीलाल गरासिया और सांसद राम चंद्र जांगडा को भी सदस्य बनाया गया है।
पत्रकारिता के साथ-साथ विशाल तिवारी सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में भी निरंतर भागीदारी करते रहे हैं। पत्रकारिता की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने देशभर के निजी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर प्राइवेट इंस्टीट्यूट स्टूडेंट यूनियन नामक देश का पहला वेब पोर्टल शुरू किया। इसका उद्देश्य निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना था।
उन्होंने शोधकर्ता के रूप में तीन लघु फिल्मों में भी काम किया, जिनमें ग्रामीण भारत में सूचना के अधिकार का प्रभाव, जामिया और अलीगढ़ के संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन का जीवन वृत्तांत और दिल्ली के मंदिरों पर आधारित फिल्में शामिल थीं।
उनकी पहली नियुक्ति बतौर सहायक संपादक न्यूजटॉक मासिक पत्रिका में हुई, जो आदिवासी समुदाय से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित थी। इस दौरान उन्हें झारखंड के माओवादी प्रभावित इलाकों में काम करने और वहां की जमीनी सच्चाई को समझने का अवसर मिला। उनकी पहली पुस्तक ह्यन्यू मीडियाः संभावनाएं एवं चुनौतियांह्व प्रकाशित हुई है।
वे प्रसिद्ध गांधीवादी अन्ना हजारे के नेतृत्व में चले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से भी जुड़े रहे। इसके साथ ही उन्होंने रामलीला मैदान में बाबा रामदेव के आंदोलन के दौरान हुए पुलिस लाठीचार्ज की घटना को फोटो परिचय के साथ देश के सामने प्रस्तुत किया।
साल 2014 में वे लखनऊ से प्रकाशित एक अंग्रेजी पत्रिका के दिल्ली प्रतिनिधि बने। इसके बाद 2016 में वे राष्ट्रीय सहारा अखबार के संपादकीय डेस्क से जुड़े। यहां उन्होंने संपादकीय पृष्ठ और चर्चित साप्ताहिक परिशिष्ट ह्यहस्तक्षेपह्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने साप्ताहिक कॉलम ह्यपरिधिह्व के माध्यम से वे हर सप्ताह मुख्यधारा से अलग विषयों और उनके अनछुए पहलुओं को सामने लाते रहे।

## मुरादाबाद के लोदीपुर धाम में पांच सौ साल का विशाल खेजड़ी वृक्ष लोगों की पूरी करता है मुरादें



### *मेला कमेटी से जुड़े भाजपा पार्षद दल के उप नेता सुरेंद्र विश्नोई ने दी जानकारी*

**मुरादाबाद।**
उत्तर प्रदेश में स्थित बिश्नोई समाज का सबसे बड़ा मंदिर व अष्ट धाम में से एक लोदीपुर धाम मुरादाबाद जनपद के ग्राम लोदीपुर में स्थित है। लोदीपुर धाम में प्रति वर्ष चैत्र की अमावस्या को विशाल मेला लगता है। इस मेले में मुरादाबाद के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों और हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, एमपी, गुजरात, राजस्थान से विश्नोई समाज के श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने आते है।
साथ ही श्रद्धालु गुरु जांभोजी के दर्शन भी करते हैं। एक दिन पूर्व कांठ रोड स्थित पीएसी तिराहे से लोदीपुर धाम तक विशाल शोभायात्रा बैंड बाजे और झांकियां के साथ निकलती है।
मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग 5 किमी दूर मुरादाबाद-दिल्ली रेलवे लाईन के किनारे लोदीपुर में लोदीपुर धाम बना हुआ है। मेला कमेटी से जुड़े भाजपा पार्षद दल के उप नेता सुरेंद्र विश्नोई ने बताया कि लोदीपुर धाम में शिलापट पर गुरु जंभेश्वर के वास्तविक चरण चिन्ह हैं।

## निवेश में मुनाफे का झांसा देकर प्रतियोगी छात्र से ४.२८ लाख की ठगी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे संतकबीर नगर निवासी छात्र साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने टेलीग्राम के जरिए संपर्क कर निवेश के नाम पर उससे ४.२८ लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
संतकबीर नगर निवासी पीड़ित छात्र हिमांशु त्रिपाठी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २० अक्तूबर २०२५ को टेलीग्राम पर ह्यएचआर अनाया गुप्ताह्व नाम की आईडी से उसे संदेश मिला। इसमें एक कंपनी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने का दावा किया गया। शुरूआत में भरोसा दिलाने के लिए उसे निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। झांसे में आकर छात्र ने अलग-अलग किश्तों में पहले दो लाख रुपये जमा कर दिए। इसके बाद जब उसने मुनाफे के साथ रकम वापस मांगी तो ठगों ने और पैसा जमा करने का दबाव बनाया। अपने पैसे वापस पाने की उम्मीद में छात्र ने २७ अक्तूबर को २.२८ लाख रुपये और ट्रांसफर कर दिए। इसके बावजूद न तो रकम वापस मिली और न ही ठगों से कोई संपर्क हो सका। खुद को ठगा महसूस करने के बाद पीड़ित ने कर्नलगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। कर्नलगंज पुलिस का कहना है कि मामले में बैंक खाते और ट्रांजेक्शन डिटेल के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### एसआरएन अस्पतालके बाहरसे ई-रिक्शा चोरी

स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के बाहर खड़ा ई-रिक्शा चोरी हो गया। गंगा नगर राजापुर निवासी शिवानन्द पाल ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया कि नौ मार्च को वह अपने चाचा राम खेलावन पाल को देखने अअस्पताल गए थे। ई-रिक्शा केंद्रीय पैथोलॉजी ब्लड बैंक के सामने खड़ा किया था। कुछ देर बाद चाचा की मृत्यु हो गई। बाहर लौटने पर ई-रिक्शा गायब मिला। पीड़ित ने बताया कि डिग्गी में वाहन के मूल कागजात भी रखे थे। पुलिस सीसीटीवी जांच कर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश कर रही है।

## प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 142वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** मंडलायुक्त व अध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी मनीष वर्मा, उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण ऋषि राज, नगर आयुक्त साई तेजा, सचिव अजीत सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 142वीं बोर्ड बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण एवं नवीन शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शहरों के समग्र विकास तथा विकास प्राधिकरण क्षेत्र के विस्तार की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई।
इसकी आवश्यकता का आकंलन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित शहरी सीमा निर्धारण तथा इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की भूमि का समग्र परीक्षण कराने एवं ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से अभिलेखों के डिजिटलीकरण का निर्णय भी लिया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत ड्रोन से प्राप्त चित्रों को डिजिटाइज कर उपलब्ध मानचित्रों के साथ समायोजित किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार के विचलन की सटीक पहचान संभव हो सकेगी। इससे भूमि प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा। इसके अलावा राजस्व वृद्धि के नए अवसर सृजित होंगे तथा निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। इस संबंध में मंडलायुक्त ने राजकीय, नजूल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट एवं अन्य सरकारी भूमि के चिन्हांकन हेतु उनके ऑनलाइन अभिलेख तैयार करने के निर्देश दिए।प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय योजनाओं में रिक्त फ्लैटों के विक्रय के संदर्भ में संशोधित मूल्य निर्धारण पर उपस्थित सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि निजी निर्माणकर्ताओं की दरों का तुलनात्मक अध्ययन कर मूल्य का पुनर्निर्धारण किया जाए। इस पर मंडलायुक्त ने आश्वस्त किया कि मूल्य निर्धारण शासन द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों तथा वर्तमान बाजार परिस्थितियों के समुचित परीक्षण के आधार पर ही किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को लाभ मिल सके।
इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण की विभिन्न परियोजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से परियोजना प्रबंधन इकाई (प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट) के चयन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। इससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गति आएगी तथा समयबद्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही, भूमि संबंधी गतिविधियों में तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने हेतु परामर्शदाता नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी अनुमोदन प्राप्त हुआ।

# पति ने घर के अंदर पत्नी की बेरहमी से की हत्या

### सराय इनायत थाना क्षेत्र की घटना, आरोपित गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** पति ने घर के अंदर अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। बुधवार सुबह जानकारी मिलने पर पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत वारी ग्रामसभा के पट्टी छींट गांव में पति शैलेश कुमार ने मंगलवार रात अपनी पत्नी 32 वर्षीय संगीता देवी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्या का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह पड़ोसी अनुपमा संगीता को बुलाने उसके घर पहुंची तो कोई जवाब नहीं मिला। उसके बाद वह अंदर जाकर पास से देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ी थी।



इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मोके पर पहुंची सरायइनायत व सहसों पुलिस, डाग स्क्वायड टीम, फील्ड यूनिट टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संगीता का मायका फूलपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव में है।
घटना की जानकारी होने पर संगीता की बहन संतरा देवी और छब्बी देवी घटनास्थल पर पहुंच गई। मौके से फरार आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। संगीता के भाई संतोष कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पति शैलेश पेंटिंग का काम करता है। संगीता के दो बच्चें हैं, बड़ा बेटा 12 वर्षीय शिवम जबकि छोटा बेटा छह वर्षीय सिद्धार्थ है। संगीता तीन बहन व एक भाई में सबसे छोटी थी। आरोपी के माता-पिता व एक भाई की मौत हो चुकी है। उसके परिवार में केवल पति-पत्नी व दो बेटे थे। आरोपी का घर गांव के सबसे किनारे छोर पर बना हुआ है।

## मैनपुरी में बड़ा हादसा : रात में कच्ची दीवार गिरने से मां और दो बच्चों की मृत्यु, पिता समेत दो बेटियां घायल

**मैनपुरी**
उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी में बीती रात टीन शेड कच्ची दीवार और ऊपर लगी टीन शेड के गिरने से नीचे सो रही मां रूबी और दो बच्चों की मौत हो गई जबकि पिता ब्रजेश व दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
मैनपुरी के थानाक्षेत्र कुरावली अंतर्गत ग्राम अठ पुरा में मंगलवार को देर रात्रि करीब 12 बजे ब्रजेश (50) पुत्र लाल सिंह के घर की कच्ची दीवार व टीनशेड अचानक गिर गयी । तीन शेड के नीचे बृजेश, बृजेश की पत्नी और चार छोटे बच्चे सो रहे थे। कच्ची दीवार और तीन शेड अचानक गिरने



से गहरी नींद में सो रहे परिवार को संभलने का मौका नहीं मिला और दीवार व टीनशेड के नीचे दबकर ब्रजेश की पत्नी रूबी (40) , बेटा दिलीप (08) और बेटी देवी (13) की मौके पर मौत हो गई। चीख पुकार से ग्रामीण व पड़ोसी ब्रजेश के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।
हादसे में घायल ब्रजेश , गुडिया (15 ) एवं पल्लवी (05 वर्ष) को पुलिस द्वारा मौके पर पहुॅचकर घायलों को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया । मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गाँव में एक ही परिवार के तीन लोगों की एक साथ मृत्यु हो जाने के बाद गांव में माहौल बहुत गमगीन है। पीड़ित परिवार के पड़ोसियों ने बताया कि बृजेश के घर में पुरानी कच्ची दीवार पर टीन शेड पड़ा हुआ था।
इस दीवार को पक्की बनाने के लिए कच्ची दीवार के निकट ही नींव खोदी गई थी,जिसमें पानी भरा था। इस पानी की सीलन के चलते ही दीवार गिरने की बात कही जा रही है।

## ईपीएफओ की पहल तेज: 33 हजार पेंशनर्स को मिल रहा लाभ, 27 मार्च को विशेष शिविर

**बरेली ।**
उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 'विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने की दिशा में अभियान तेज कर दिया है। विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक कर्मचारियों को पीएफ और पेंशन जैसी योजनाओं से जोड़ना है।
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-द्वितीय अनिल कुमार ने बताया कि वर्तमान में बरेली में करीब 33 हजार पेंशनर्स ईपीएफओ से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे



प्रतिष्ठानों की पहचान की गई है, जहां कर्मचारी पात्र होने के बावजूद अभी तक ईपीएफओ में पंजीकृत नहीं हैं। जिले में कुल 49 ऐसे संस्थान चिन्हित किए गए हैं। विभाग ने इन प्रतिष्ठानों से शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की है, ताकि कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल सकें।
इस अभियान में श्रम विभाग भी सक्रिय सहयोग कर रहा है। डाकघर से जुड़ी बैंकिंग टीम के साथ मिलकर कर्मचारियों और नियोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, जिससे असंगठित और अर्ध-संगठित क्षेत्र के श्रमिक भी योजनाओं का लाभ उठा सकें।
इसी क्रम में ईपीएफओ बरेली 27 मार्च 2026 को ह्यनिधि आपके निकट 2.0ह्व कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर आयोजित करेगा। यह शिविर आठ जिलों में लगाए जाएंगे, जहां पीएफ, पेंशन और यूएएन से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।
वहीं, ईपीएफओ आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर विचार कर रहा है। मौजूदा 8.25 प्रतिशत दर को बढ़ाकर 9 प्रतिशत तक किए जाने की संभावना है। इसके अलावा आधार से लिंक यूएएन के जरिए ऑनलाइन निकासी प्रक्रिया को और सरल बनाने की तैयारी चल रही है।

# पंजाब से तस्करी कर ट्रक से बिहार जा रही 60 लाख की अवैध शराब बरामद, चालक हिरासत में

**नोएडा।**
गौतम बुद्ध नगर जिले के आबकारी विभाग ने बुधवार तड़के एक सूचना के आधार पर पंजाब से तस्करी कर बिहार प्रांत में बेचने के लिए ले जाई जा रही करीब 60 लाख रुपये कीमत की 570 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया है। अवैध शराब के साथ एक आरोपित को पकड़ा गया है, जिससे पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि इस गैंग के लोग काफी दिनों से अवैध रूप से शराब तस्करी में संलिप्त हैं।
गौतम बुद्ध नगर जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आज तड़के एक सूचना के आधार पर मेरठ और



गौतम बुद्ध नगर की आबकारी टीम ने संयुक्त अभियान के तहत लोहारली टोल के पास से एक ट्रक को कब्जे में लिया। तलाशी में थमोकोल की बोरियों के पीछे छुपाकर रखी पंजाब प्रांत की 570 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है, जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए है।
उन्होंने बताया कि इस मामले में ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने बताया कि वो बरामद अवैध शराब बिहार प्रांत में बेचने के लिए ले जा रहा था। बिहार प्रांत में मदिरा बिक्री के लिए प्रतिबंधित है। इस बात का फायदा उठाकर शराब माफिया सस्ती दर में पंजाब से शराब खरीद कर बिहार में ऊंचे दाम पर बेचते हैं। पूछताछ के दौरान आबकारी विभाग को यह भी पता चला है कि ट्रक मालिक और ड्राइवर एक सुनियोजित तरीके से शराब तस्करी के इस गोरखधंधे को करते हैं। ये लोग कुछ दूर तक ट्रक चलाने के बाद उसे खड़ा कर देते हैं, फिर दूसरा ड्राइवर आता है जो ट्रक को लेकर आगे जाता है। इसी तरह से पंजाब से बिहार पहुंचने तक कई बार ट्रक चालक और वाहन भी बदल जाते हैं ताकि गिरफ्त में ना आए।
जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जानकारी में यह भी आया है कि तस्करी के शराब को ढो रहे वाहनों के आगे पीछे लोग चलते हैं तथा उन्हें पायलट करते हुए अधिकारियों की चेकिंग की सूचना उपलब्ध कराते हैं। अगर कहीं चेकिंग हो रही होती तो वाहनों को रोक दिया जाता है, या किसी और रास्ते से निकाल लिया जाता है। मामले में अन्य जानकारी करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## प्रयागराज में महिला की भारी वस्तु से प्रहार करके हत्या

**प्रयागराज।**
उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में सराय इनायत गांव में बुधवार को एक महिला की किसी वजनदार वस्तु सेसे सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मृतका के परिवार से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हालांकि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या के संबंध में जांच की जा रही है।
पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि बुधवार सुबह सराय इनायत थाने को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि छीटपट्टी गांव में संगीता (30) पत्नी




शैलेश की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही सराय इनायत थानाध्यक्ष संजय गुप्ता तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और महिला के शव को कब्जे में जांच शुरू कर दी। पुलिस कहना है कि उसके सिर में किसी वजनदार वस्तु से वार करके हत्या की गई है। आशंका है कि उसका गला भी दबाया गया है। हत्या की सूचना पर घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के मायके वालों से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या उसके पति ने की है।

